भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

कंचनबाग, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-पीआर/05 2 नवंबर 2015

मीडिया विज्ञप्ति

बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में दि. 26 से 31 अक्तूबर, 2015 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया.

उद्घाटन समारोह के अवसर पर हैदराबाद, भानूर (मेदक जिला) एवं विशाखापट्टणम के तीनों इकाईयों के सभी कर्मचारियों से शपथ दिलायी गयी. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्री के आर नंदन, आईपीएस (नि.) सतर्कता आयुक्त, तेलंगाना सरकार आमंत्रित थे और इनके द्वारा "उत्तम अभिशासन के लिए निदानपरक सर्कता एक साधन" विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया. .

इस अवसर पर श्री वी उदय भास्कर, सीएमडी, बीडीएल, एवीएम एन बी सिंह एवीएसएम, वीएसएम (नि.), श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), श्री वी गुरुदत्त प्रसाद, निदेशक (उत्पादन), श्री टी वी रेड्डी, आईएफएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल एवं कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. डॉ. एन के राजू, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.) ने उपस्थित सभी का स्वागत किया और श्री के एन सत्यप्रकाश, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया.

श्री जयप्रकाश नारायण, आईएएस (नि.) ने दिनांक 28 अक्तूबर को "निदानपरक साधन, मानवीय एवं नैतिक मूल्य" विषय पर बीडीएल, भानूर के सभी कर्मचारियों को संबोधित किया.

बीडीएल के सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक 28 अक्तूबर 2015 को आयोजित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं में सीबीआईटी, गंडीपेट के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया.

दिनांक 29 अक्तूबर 2015 को आयोजित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं में एमवीएसआर इंजीनियरिंग कॉलेज, हैदराबाद एवं टीआरआर कॉलेज ऑफ फॉर्मसी, रंगा रेड्डी जिला के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया.

विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल विजेताओं को श्री टी वी रेड्डी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल ने पुरस्कार प्रदान किए.

उद्यम के सतर्कता विभाग द्वारा तैयार और सीएमडी, बीडीएली द्वारा विमोचित सूचना ब्राउचर "डूस एण्ड डोंट्स" इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य आकर्षण रहा.

दिनांक 30 अक्तूबर को इस कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. के. नागेश्वर, प्रोफेसर, उस्मानिया विश्वविद्यालय आमंत्रित थे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि का व्याख्यान आयोजित किया गया. सीएमडी, निदेशकगण एवं सीवीओ, बीडीएल ने सभी कर्मचारियों को सतर्कता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी. सप्ताह के दौरान बीपीडीएवी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. श्री बी एस प्रसाद, अधिशासी

निदेशक (सैम) ने सभी का स्वागत किया और श्री के एन सत्यप्रकाश, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया.

बीडीएल के कर्मचारियों को जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन समारोह की पूर्वसंध्या पर संबोधित करते हुए श्री के आर नंदन, आईपीएस (नि.) सतर्कता आयुक्त, तेलंगाना सरकार.

उद्यम के कर्मचारियों के लिए सतर्कता विभाग द्वारा संकलित ब्राउचर "डूस एण्ड डोंट्स" का विमोचन

बीडीएल में संपन्न सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ. के नागेश्वर, प्रोफेसर, उस्मानिया विश्वविद्यालय.